कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा (राज.)

क्रमांकः– प–6–क ( ) भील / अप / 20 / स्पेशल–01 दिनांकः–27.10.2020

महानिरीक्षक पुलिस,

अजमेर रेंज, अजमेर।

विषयः–परिवाद द्वारा श्री ज्ञानेश कुमार चीफ एडिटर नि0 जयपुर के सम्बन्ध में।
प्रसंगः–सीएम हैल्प लाईन की आईडी न0 10200678825358 संदर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में निवेदन है कि श्री ज्ञानेश कुमार चीफ एडिटर नि0 जयपुर का परिवाद प्राप्त होने पर परिवाद में अंकित तथ्यों की रिपोर्ट वृताधिकारी वृत सदर जिला भीलवाडा से प्राप्त की गई।

प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार उपरोक्त परिवाद के संबंध में थाना हमीरगढ भीलवाडा पर दर्ज प्र.सं. 119 / 20 धारा 379 भादस व 4 / 21 एमएमडीआर एक्ट तथा प्र.सं. 120 / 2020 धारा 143,341,323,427,336,384 भादस में दर्ज होकर अनुसंधान जारी हैं। प्र.सं. 119 / 2020 तथा 120 / 2020 थाना हमीरगढ़ भीलवाडा की तथ्यात्मक रिपोर्ट निम्नानुसार हैं।

1. प्रकरण संख्या 119 / 2020 धारा 379 भादस व 4 / 21 एमएमडीआर एक्ट में दौराने अनुसंधान कथन घटना रात्री डिओ श्री प्रहलादराय हैड कानि 976 व कानिः गिर्राज ,कानिः सुरेशचन्द्र नायक लिये जाकर बसरे घटना स्थल पहूॅचकर रात्री डिओ के निशादेही से निरीक्षण घटना स्थल किया जाकर फर्द नक्शा मौका घटना स्थल जूदा मुर्तिब किया जाकर शामिल पत्रावली किया गया तथा घटना स्थल पर ताजा बजरी बिखरे हुये आलामात होने से घटना स्थल कि फोटोग्राफी कराई जाकर फोटोग्राफ्स को शामिल पत्रावली किया गया तथा घटना के बारे में समाचार भीलवाडा हलचल पर खबर चली जिसकी स्क्रीन शॉट व प्रकरण के घटना के बारे में बजरी से भरे हुए ट्रेलर के पल्टी खाये हुए स्थिति कि जो फोटो वॉटसएप पर वायरल हुई जिनके स्क्रीन शॉट लि जाकर फोटो प्रति निकालकर शामिल पत्रावली किया गया। प्रकरण के घटना में मतलूक अज्ञात ट्रेलर वाले पक्ष के तरफ से थाना पर प्रकरण संख्या 120 / 20 धारा 143.341.323.427.336.384 भादस दर्ज हुआ। जिस एफआईआर में प्रकरण में मतलकू ट्रेलर के नम्बर RJ09GD6615 होना बता रखे है। जिस प्रकरण कि एफआईआर चाक प्रति को प्रकरण हाजा में शामिल पत्रावली किया गया। जिससे प्रकरण में मतलूक ट्रेलर के नम्बर RJ09GD6615 होना पाया जाने से उक्त ट्रेलर कि तलाश शुरू कि गई जो ट्रेलर हाईवे पर गंगरार के पास लावारिश खडा मिला जिसको मौके से डिटेन कर चौकी स्वरूपगंज खडा किया गया। उसके बाद मतलूक उक्त ट्रेलर के असल रजिस्ट्रेशन मालिक के नाम पता के बारे में जॉच कि तो रेकार्ड के अनुसार ट्रेलर का असल रजिस्ट्रेशन मालिक श्री पृथ्वीराज जाट पिता श्री डालचन्द जी जाट जाति जाट उम्र 42 साल पैशा वकालात निवासी भारत पेट्रोल पम्प के पास गंगरार थाना गंगरार जिला चित्तौडगढ के होना पाया जिसको अनुसंधान हेतू बार बार तलब किया है पर बाहर एमपी की तरफ गया हुआ होने से अभी तक मालिक अनुसंधान हेतू उपस्थित नही हुआ। असल रजिस्ट्रेशन मालिक उपस्थित होने पर मालिक से अनुसंधान किया जाकर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

2. प्रकरण संख्या 120/2020 धारा 143,341,323,427,336,384 भादस में दर्ज कर तफ्तीश शुरू कि गई। दौराने अनुसंधान कथन प्रार्थी श्री श्याम लाल जाट के लिये जाकर रात्री वक्त होने से रूखस्त किया गया तथा निरीक्षण घटना स्थल कराने हेतू व अनुसंधान हेतू मय गवाह के उपस्थित होने हेतु हिदायत दी गई जिस पर प्रकरण हाजा के गवाह व ट्रेलर चालक के विरूद्ध थाना हमीरगढ पर प्रकरण संख्या 119/20 धारा 379 भादस व 4/21एमएमडीआर एक्ट में दर्ज होने से उसमें गिरफ्तारी के डर से प्रकरण दर्ज कराने के उपरान्त अभी तक पुनः उपस्थित नही हुआ तथा अपनी सकूनत से रूपोश है। प्रकरण में प्रार्थी उपस्थित होने पर निरीक्षण घटना स्थल किया जाकर व दिगर गवाहान से अनुसंधान किया जाना शेष हो प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

अतः जांच रिपोर्ट अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय,

जिला पुलिस अधीक्षक,

भीलवाडा